प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में डेटा सेंटर संशोधन नीति, और सेटलमेंट–डीड समेत 13 प्रस्ताव हुए पारित।
2. उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ के केजीएमयू में ऑल इंडिया मेडिकल एंड डेंटल स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित : कहा– प्रदेश में मेडिकल की सीटें हुई हैं दोगुनी।
3. लखनऊ में 3 से 5 सितंबर तक आयोजित होगा आर्म्ड फोर्सेज फेस्टिवल : तीनों सशस्त्र बलों के अत्याधुनिक हथियार देखने का मिलेगा मौका।
4. वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में आज मनाई जा रही है जन्माष्टमी : काशी विश्वनाथ धाम में आज मंगला आरती में बाबा विश्वनाथ संग विराजे लड्डू गोपाल।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में डेटा सेंटर संशोधन नीति और सेटलमेंट–डीड समेत 13 प्रस्ताव पारित हो गये। मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गये थे। बैठक में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल आपूर्ति योजनाओं

के लिये संचालन और अनुरक्षण नीति को भी मंजूरी मिल गई। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि नीति के तहत जहां–जहां पर जल आपूर्ति के काम पूरे हुए हैं, वहां रखरखाव के लिए 4 हजार 485 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह पॉलिसी सुनिश्चित करेगी कि पहले से किए गए कार्यों की अच्छी देखरेख हो और जल जीवन मिशन की प्रभावशीलता बनी रह।

बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा संचालित पर्यटक आवास गृहों को प्रबंधकीय संविदा के आधार पर नीति उद्यमियों के माध्यम से संचालित कराने का प्रस्ताव पारित हुआ। प्रदेश में कुल 87 पर्यटक गृह ह। इसके अलावा संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ाने का प्रस्ताव भी पास हो गया है। बैठक में डेटा सेन्टर क्षेत्र की महत्ता को देखते हुए राज्य सरकार ने इसकी नीतियों में बदलाव किया है। इससे पहले जनवरी 2021 में डेटा सेन्टर नीति बनाई गई थी।

बैठक में सेटलमेंट डीड से जुड़ा प्रस्ताव पारित होने से पारिवारिक संबधियों के नाम रजिस्ट्री करने पर स्टांप शुल्क नहीं लगेगा और सिर्फ 5 हजार रुपए ही खर्च होंगे। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश डिजिटल मीडिया नीति–2024 और गंगा एक्सप्रेस–वे परियोजना के लिये वोजीएफ की सम्पूर्ण धनराशि राज्य सरकार द्वारा वहन किये जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई।

——————————

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ के केजीएमयू में ऑल इंडिया मेडिकल एंड डेंटल स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस– मेडेविज़न को संबोधित किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की चिकित्सा व्यवस्था जन–जन के लिए है। मेडिकल साइंस में भारत ने दुनिया में परचम लहराने का काम किया। उन्होंने कहा कि बीते सात वर्षों में प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। इस वक्त प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज हैं। प्रदेश में मेडिकल की सीटों में दोगुना वृद्धि हुई है। वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज बनाने की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टूडेंट्स के हितों की रक्षा के साथ ही उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सरकार काम कर रही है। बाइट....

*मेडिकल स्टूडेंट को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले जो आयोजित इस कार्यक्रम है उसको भरोसा दिलाता हूँ की हमारी सरकार मेडिकल स्टूडेंट के हितों के साथ खड़ी है उनकी पढ़ाई के साथ साथ उनकी सुख सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा और जो भी इनकी दिक्कतें है दुश्वारियाँ उनको पूरा करने के लिए हम लोग काम करेंगे।*

——————————

लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर में तीन दिवसीय आर्म्ड फोर्सेज फेस्टिवल का आयोजन 3 से 5 सितंबर तक होगा। इस फेस्टिवल में आत्मनिर्भर भारत के रूप में

विकसित नवीनतम सैन्य उपकरण नज़र आएंगे। नागरिक तीनों सशस्त्र बलों के उपकरण जैसे टैंक, हेलीकॉप्टर और हथियार प्रणालियों सहित अत्याधुनिक हथियार देख पाएंगे। इस फेस्टिवल में एक स्टैटिक डिस्प्ले भी होगा, जिसमें टी–90 टैंक, क9 वज्र स्वचालित आर्टिलरी गन, स्वाति रडार, एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर, चिनूक, अपाचे और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड भी शामिल होंगे। नौसेना के विमान वाहक, पनडुब्बियों और विध्वंसक के मॉडल समेत हवाई जहाजों से फ्लाईपास्ट, पैरा ड्रॉप, पैरा मोटर्स, माइक्रो लाइट फ्लाइंग और कई अन्य प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होंगे। फेस्टिवल में प्रवेश के लिए किसी टिकट या पास की आवश्यकता नहीं होगी।

——————————

बहुजन समाज पार्टी की आज लखनऊ में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती को एक बार फिर सर्वसम्मति से अगले पांच साल के लिए पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा ने बैठक में मायावती के निर्वाचन की घाषणा की। अध्यक्ष चुने जाने के बाद मायावती ने सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि बहुजन हिताय और बहुजन सुखाय के कल्याणकारी सिद्धांत और लक्ष्य की प्राप्ति पर डटे रहकर

अपना संघर्ष इस उम्मीद पर जारी रखें कि यह संघर्ष एक दिन बहुजनां के पक्ष में जरूर रंग लाएगा।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव वृंदावन के सुप्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर समेत राधारमण मंदिर, रंगनाथ मंदिर, खैरा देवी मंदिर, कालिया मर्दन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में आज मनाया जा रहा है। इसके लिए बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में आज विशेष आयोजन हो रहे हैं। भक्तों की संख्या को देखते हुए वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भीड़ को देखते हुए रात 12 बजे कान्हा के जन्म के बाद हाने वाली विशेष मंगला आरती में 600 श्रद्धालुओं को अनुमति देने का फैसला जिला प्रशासन ने लिया है।इससे पहले कल मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान

समेत प्रदेश भर में जन्माष्टमी मनाई गई थी। मथुरा में कल देश विदेश से 20 लाख से अधिक लोग पहुंचे थे। वहीं वाराणसी क काशी विश्वनाथ धाम में आज बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती में भगवान लड्डू गोपाल भी विराजे। पहली बार भगवान लड्डू गोपाल और बाबा विश्वनाथ का एक साथ दर्शन पाकर भक्त आह्लादित हुए। इसके पहले दरबार में आधी रात को भगवान लड्डू गोपाल का जन्म हुआ तो पूरे परिसर में हर–हर महादेव, जय कन्हैया लाल की गूंज रही। इस दौरान धाम में हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

——————————

प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार के तहत आज मैनपुरी वाराणसी और रामपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन हुआ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मैनपुरी में रोजगार मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार एक खास वर्ग को नौकरी मिलती थी जबकि आज बिना भेदभाव के सभी को रोजगार हासिल करने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए सरकार जनपदों में रोजगार मेले का आयोजन कर रही है। मैनपुरी के रोजगार मेले में 50 बड़ी कंपनियों ने स्टॉल लगाया, वहीं वाराणसी रोजगार मेले में 12 बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियां ने प्रतिभाग किया। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय वाराणसी के रोजगार मेला प्रभारी दीप सिंह ने बताया कि

रोजगार मेले में 78 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ। उधर, रामपुर में आयोजित रोजगार मेले में 46 अभ्यर्थी चयनित हुए।

————————

रायबरेली में एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना के कोयला संयंत्र में कोयला उतारकर जा रही मालगाड़ी के ट्रैक पर सामने से रेल इंजन आ गया। इसके कारण भिड़ंत से इंजन ट्रैक को क्षतिग्रस्त करते हुए बाहर चला गया। हादसे में लोको पायलट सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रथम दृष्टया गलत सिग्नल के कारण यह हादसा होना बताया जा रहा है। घटना स्थल का रेल अधिकारियों ने निरीक्षण किया है और दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है।

————————

उत्तर प्रदेश सरकार एक सितंबर से 15 सितंबर तक प्रदेश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाएगी। 15 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ समुदाय के लोग भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्वच्छता पखवाड़े की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के लिए उन्हें कार्यक्रमों और गतिविधियों की सूची भी उपलब्ध कराई गई है। स्वच्छता पखवाड़े के पहल दिन स्वच्छता शपथ दिलाई जाएगी।

(समाप्त)